संख्या: 40/2017/876/33-3-2017-30/2017 टी.सी.।।

प्रेषक**,**

चंचल कुमार तिवारी,

अपर मुख्य सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में**,**

समस्त मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष,

जिला स्वच्छ भारत मिशन मैनेजमेन्ट कमेटी, **उत्तर प्रदेश।**

पंचायतीराज अनुभाग**-3** **लखनऊ दिनांक: 09 मई, 2017**

विषय**:** दिनांक **11** मई**, 2017** को पूर्वाह्न**: 11.30** बजे से **01.30** बजे तक स्वच्छ भारत मिशन**(**ग्रामीण**)** के क्रियान्वयन हेतु मुख्य विकास अधिकारियों के साथ वीडियो कान्फ्रेन्स के माध्यम से समीक्षा के संबंध में।

महोदय**,**

उपर्युक्त विषय की ओर आपका ध्यान आकृष्ट कराते हुए अवगत कराना है कि माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा स्वच्छ भारत मिशन(ग्रामीण) को शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों में शामिल करते हुए प्रदेश के छः जनपदों को आगामी 100 दिवस (31 जुलाई, 2017), 30 जनपदों को (31 दिसम्बर, 2017) तथा शेष 44 जनपदों को 02 अक्टूबर, 2018 तक खुले में शौच मुक्त बनाने हेतु निर्देशित किया गया है।

उक्त महत्वाकांक्षी लक्ष्य की उपलब्धि सुनिश्चित करने एवं भविष्य में योजना के क्रियान्वयन एवं अद्यतन स्थिति की समीक्षा हेतु **दिनांक** 11 **मई**, 2017 **को पूर्वाह्न**: 11.30 **बजे से** 01.30 **बजे तक मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष**, **जिला स्वच्छ भारत मिशन मेैनेजमेन्ट कमेटी के साथ वीडियो कान्फ्रेन्स के माध्यम से समीक्षा एवं चर्चा की जानी है**, जिसका एजेण्डा बिन्दु निम्नवत् है:-

1- जनपद स्तर पर उपलब्ध धनराशि को जनपद में निर्धारित व्यवस्था के अनुसार ग्राम पंचायत/लाभार्थी के खाते में हस्तान्तरित किये जाने हेतु की गयी व्यवस्था के संबंध में चर्चा तथा विभिन्न **ग्राम पंचायतों को अवमुक्त** की जाने वाली धनराशि का ग्राम पंचायतवार एम.आई.एस. फीडिंग एवं वित्तीय वर्ष 2016-17 की ग्राम पंचायत क्लोजिंग बैलेन्स की फीडिंग।

http://shaladeshup.nic.in

2- **स्वच्छाग्रहियों** के चयन, प्रशिक्षण एवं उनका विवरण भारत सरकार की वेबसाइट पर अपलोड किया जाना।

3- जनपद में निर्मित शौचालयों की गुणवत्ता सुनिश्चित कराने के लिए **राजमिस्त्रियों** के प्रशिक्षण हेतु प्रत्येक विकास खण्डवार न्यूनतम 250 से 300 प्रशिक्षित राजमिस्त्रियों की व्यवस्था।

4- जिला **आई.ई.सी प्लान**, कैलेण्डर तैयार कर प्रचार-प्रसार की गतिविधियां किया जाना एवं जिला स्वच्छता प्लान तैयार कर भारत सरकार की वेबसाइट पर अपलोड किया जाना।

5- **त्रिस्तरीय सत्यापन तथा यूनिकोडिंग** के साथ फोटो अपलोडिंग की व्यवस्था शतप्रतिशत लागू किये जाने की समीक्षा। जनपद स्तर से ओ.डी.एफ. किये गये ग्रामों को भारत सरकार की वेबसाइट पर अपलोड किया जाना तथा आई.जी.आर.एस. के माध्यम से ओ.डी.एफ. घोषित ग्रामों की सूचना मण्डलीय स्तरीय टीमों द्वारा सत्यापन हेतु अग्रसारित किये जाने के संबंध में।

6- जनपद स्तर से शौचालय निर्माण की वित्तीय, भौतिक, आई.ई.सी. एच.आर.डी. प्रशासनिक, एस.एल.डब्लू.एम आदि मद में व्यय होने वाली धनराशि तथा एस.एल.डब्लू.एम. इण्डेक्स का समयान्तर्गत भारत सरकार की वेबआधारित **MIS सिस्टम** पर अपलोड किये जाने की समीक्षा।

7- पूर्व में जारी मार्गदर्शिका में **मैनपावर** की तैनाती हेतु की गयी व्यवस्था के अनुसार विभिन्न स्तरों पर मैनपावर की तैनाती एवं तैनात किये गये कार्मिकों का मासिक मानदेय, यात्रा भत्ता, मोबाइल व्यय, ट्रिगरिंग हेतु पर्याप्त संख्या में वाहन इत्यादि की व्यवस्था पर चर्चा।

उक्त प्रस्तावित वीडियो कान्फ्रेंस में समस्त जनपदों के मुख्य विकास अधिकारी के साथ समस्त जिला पंचायत राज अधिकारी एवं जिला कन्सलटेन्ट**,** एस**.**बी**.**एम**.(**जी**)** को भी प्रतिभाग किया जाना है।

अतः इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त वीडियो कान्फ्रेंस में स्वयं जिला पंचायत राज अधिकारी एवं जिला कन्सलटेन्ट**,** एस**.**बी**.**एम**.(**जी**)** के साथ प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

भवदीय

(चंचल कुमार तिवारी)
अपर मुख्य सचिव।

http://shasnadesh.up.nic.in

<u>संख्या व दिनांक:- तदैव।</u>

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:

1- मिशन निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन(ग्रामीण), उ0प्र0।

2- समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।

3- महानिदेशक,एन0आई0सी0, योजना भवन, लखनऊ, उत्तर प्रदेश इस आशय से कि उक्त वीडियों कान्फ्रेन्स हेतु स्लॉट बुक करने का कष्ट करें।

4- समस्त मण्डलीय उपनिदेशक(पं0), उ0प्र0 को इस निर्देश के साथ उक्त वीडियो कान्फ्रेंन्स में मण्डल के किसी एक जनपद में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

5- समस्त जिला पंचायत राज अधिकारी, उ0प्र0 को इस निर्देश के साथ कि उक्त वीडियो कान्फ्रेंस में संबंधित सूचनाओं सहित प्रतिभाग करें।

6- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(अरविन्द प्रधान)

संयुक्त सचिव।

http://shasnadeshup.nic.in